निगम अफसरों और पार्षदों के बीच झगड़े की मूल जड़ अवैध वसूली

नव भारत न्यूज

इंदौर. पिछले दो तीन दिन से नगर निगम अधिकारियों और पार्षदों के बीच राजस्व राशि वसूलने को लेकर विवाद हो रहा है. वास्तविकता में इस तरह के झगड़े की मूल जड़ होती है अवैध वसूली!

पार्षद अपने वार्डों में निगम अधिकारियों का उपयोग कर नोटिस भिजवाते हैं और फिर समझौते के नाम पर अवैध वसूली करते है. यहीं काम निगम के अधिकारी भी करते है, लेकिन निगम अधिकारी किसी की पहचान और नाम सामने आने पर लिहाज रख लेते है. इसके उलट पार्षद निगम अधिकारी पर डरा धमका और दबाव बनाकर रहवासी के खिलाफ कारवाई करवाने की जोर जबर्दस्ती करते है. कार्रवाई नहीं करने पर निगम अधिकारियों को झोन से हटाने या अपनी पसंद के अधिकारियों को पदस्थ करवाने से पीछे नहीं हटते है. सबसे पहले बात ताजा विवाद वार्ड 74 की करते है. वार्ड 74 में बहुत अवैध हॉस्टल, बिल्डिंग, दुकानें और ट्रांसपोर्ट नगर सहित बड़ी व्यापारिक गतिविधियां होती है.

उक्त वार्ड में आयुक्त के कहने पर एआरओ जीआईएस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नसी करने पहुंचे थे. जिस मकान की नसी करने पहुंचे थे, उसने नया निर्माण कर पुराने टैक्स से ज्यादा बनाने की बात कही जा रही है. बताया जा रहा है कि यहां के नेता कई हॉस्टल संचालकों से वसूली करते है. पूर्व में भी झोनल अधिकारी नागेंद्र भदौरिया को अवैध हॉस्टल तोड़ने के चलते हटवा दिया था. इसके पीछे की कहानी है जो सामने आई थी कि एक नेता ने ही निगम अधिकारी से अवैध निर्माण होने की जानकारी देकर नोटिस भिजवाए थे. बाद में हॉस्टल संचालकों से अवैध निर्माण नहीं तोड़ने की सुपारी ले ली थी. भदौरिया ने आयुक्त के संज्ञान में मामला ले जाकर लता अग्रवाल के साथ मिलकर अवैध हॉस्टल तोड़ने की कारवाई कर दी. इसके बाद शिकायत कर भदौरिया को हटवा दिया था.

अवैध निर्माण में करते हैं सहयोग : नेता और उनके समर्थक अवैध निर्माण को सहयोग करते है कि अपना आदमी है, अपने लोग हैं. अवैध निर्माण के बाद मालूम पढ़ता है कि उसमे पार्षद परिवार, रिश्तेदार और समर्थक की पार्टनरशिप है या उसमें कुछ हिस्सा अपने नाम करवा लिया. यह कार्रवाई पूरे शहर में चलती है. इसके पीछे वे बिल्डर्स और जमीन के धंधों से जुड़े लोग भी होते है, जो स्थानीय नेताओं को अप्रत्यक्ष रुप से आर्थिक सहायता और मदद करते है. इतना ही नहीं लालच भी देते है कि बिल्डिंग और भवन में इतना हिस्सा आपका या फिर एक दुकान, एक फ्लैट या कई बार आर्थिक कमजोर स्थानीय नेता नकद लेनदेन भी कर लेते है.

अप्रत्यक्ष रूप से बनाते हैं दबाव : नगर निगम में एक खेल और होता है, जिसमें स्थानीय नेताओं के चहेते ठेकेदारों को कम देने का निगम अधिकारियों पर अप्रत्यक्ष रुप से दबाव बनाया जाता है. इसमें स्थानीय नेता लोग ठेकेदारों के गिरोह से मिलकर सिंडिकेट चलाते है. नेता प्रतिपक्ष ने पिछले दिनों सड़क निर्माण में ठेकेदारों के गिरोह का पर्दाफाश किया था, जिसमें 40 करोड़ रुपए ज्यादा में चार कंपनियों को ही काम देने का प्रस्ताव हो गया था. बाद में उक्त कार्य के लिए तीन बार टेंडर हुए और करीब 20 करोड़ रुपए कम में सड़क निर्माण के ठेके हुए थे.

मुंह दिखाई करते हैं

कहने का तात्पर्य यह है कि पार्षद जनता को दिखाने के लिए मुंह दिखाई करते है, निगम अधिकारी पार्षद को दिखाने के लिए. कुल मिलाकर निगम अधिकारी और पार्षदों की जहां जुगलबंदी हो जाती है वहां कुछ मालूम नहीं पड़ता है. इसके उलट अधिकारी पार्षद हित में काम नहीं करें तो जो दो दिन पहले पार्षद पति ने किया , ऐसे दृश्य उत्पन्न होकर और विवाद होते हैं.

हर समाज को साथ लेकर चलना ही सरकार का उद्देश्य : मुख्यमंत्री

▶ मुख्यमंत्री ने नगर निगम सीवर लाइन योजना का किया भूमिपूजन

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम की अमृत योजना 2.0 के तहत 34 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन कार्य का मुख्यमंत्री ने भूमिपूजन किया. यह सिवरेज लाइन सुदामा नगर के डी और ई सेक्टर में डाली जाएगी. इसके बाद क्षेत्रीय रहवासियों को ड्रेनेज चौक होने की समस्या से राहत मिलेगी.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शाम ब्लू लोटस गार्डन में नगर निगम के भूमिपूजन समारोह और सामाजिक समरसता सम्मेलन में भाग लिया. उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 में अमृत 2.0 योजना के तहत सुदामा नगर सेक्टर-डी और ई में 30 करोड़ रुपए की लागत से 34.235 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने के कार्य का भूमिपूजन किया, इस परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को ड्रेनेज चोकिंग की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और जल-मल निकासी व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा. भूमिपूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर नगर निगम की उक्त योजना जन सुविधाओं देने की दिशा में एक बड़ा कदम है. उन्होंने कहा कि दिवाली के शुभ अवसर पर जनकल्याण कार्यों की शुरुआत करना मंगलकारी माना जाता है. सरकार का संकल्प है कि विकास की हर योजना जनता के द्वार तक पहुंचे. भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, मनोज पटेल, पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे, निशांत खरे, सावन सोनकर, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे. डॉ.यादव ने आगे कहा कि सरकार सभी वर्गों और समाजों को साथ लेकर समान अवसर और विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहती है. उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सुख और सुविधा पहुंचाना है. राज्य सरकार ने आदिवासी समाज और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं.

हर समाज के महापुरुषों को सम्मान दे रहे

सीएम ने बताया कि पहली बार रानी दुर्गावती के नाम पर जबलपुर में कैबिनेट आयोजित की गई. खरगोन में टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है. यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम हर समाज के महापुरुषों के योगदान को सम्मान दे रहे हैं. किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा, जो किसान सम्मान का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल एरिया में एक आधुनिक मेट्रोपॉलिटन सर्किट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे मालवा क्षेत्र देश के प्रमुख विकास केंद्रों में शामिल होगा.

भावांतर योजना में लापरवाही बरतने पर सहायक यंत्री निलंबित

इंदौर. सांवेर कृषि उपज मंडी में किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही करने पर सहायक यंत्री को निलंबित कर दिया. कलेक्टर और अतिरिक्त कलेक्टर ने सांवेर मंडी निरीक्षण के दौरान किसानों के लिए पानी, कृषक विश्राम गृह, शौचालय एवं भोजन इत्यादि की उचित व्यवस्था नहीं को गई थी. निरीक्षण में मंडी उपयंत्री मौके से नदारद थे.

जिले में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी का कार्य तेजी से जारी है. जिले की सभी मंडियों में किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है. गत दिनों कलेक्टर शिवम वर्मा और अनुविभागीय अधिकारी सांवेर में मंडी का निरीक्षण किया था. निरीक्षण के समय मंडी उपयंत्री मनोज चौधरी उपयंत्री (प्रभारी सहायक यंत्री) अनुपस्थित पाए गए थे. इस संबंध में कलेक्टर ने प्रबंध संचालक सह आयुक्त मंडी बोर्ड को जांच प्रतिवेदन देने का आदेश दिया था. प्रतिवेदन के आधार पर प्रबंध संचालक सह आयुक्त मंडी बोर्ड ने निलंबन करने की कार्रवाई की.

प्रदेश में सामाजिक समरसता के नए वातावरण की स्थापना हो रही

▶ विधानसभा 5 का सामाजिक समरसता सम्मेलन संपन्न

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 का सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित किया गया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जो विकास एवं सामाजिक समरसता का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, वह वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी निरंतर जारी है. डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का सामाजिक समरसता के क्षेत्र में योगदान अमूल्य है. उनके बताए मार्गों पर चलकर प्रदेश में सामाजिक एकता और समानता का नया वातावरण स्थापित किया जा रहा है. कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, डॉ. निशांत खरे, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा तथा नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव सहित अन्य

एक नजर में

भारत को जानें प्रतियोगिता

इंदौर . भारत विकास परिषद् मध्य भारत दक्षिण प्रांत की भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन भारत विकास परिषद् तिलक शाखा के आतिथ्य में माहेश्वरी भवन नवलखा में किया गया. इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आठ और सीनियर वर्ग में नौ टीमों ने भाग लिया जो टिमरनी, खंडवा, नर्मदापुरम, धार, धामनोद, भोपाल, इंदौर, मुलताई, भारत विकास परिषद की शाखाओं का प्रतिनिधित्व कर रही थी .उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एमके आय इंटरनेशनल की निर्देशिका उमा झंवर एवं समापन सत्र के मुख्य अतिथि समाजसेवी और वेकअप फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश बापना थे . ग्वालियर से आए डॉक्टर सुरेंद्र प्रधान रीजनल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे . स्वागत उद्बोधन प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन ने दिया . क्विज का संचालन महासचिव विजय नामदेव ने किया . जूनियर वर्ग में मीठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल भोपाल और सीनियर वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 धार की टीम प्रथम रही, जो शिवपुरी में आयोजित होने वाली रीजनल प्रतियोगिता में सहभागी होंगी . संचालन संजय भाटे एवं भारती भाटे ने किया . आभार अनिल अग्रवाल अध्यक्ष तिलक शाखा ने किया .

कॉग्निजेंट बनेगा नई दिल्ली मैराथन का टाइटल स्पॉन्सर

इंदौर . कॉग्निज़ेंट आगामी नई दिल्ली मैराथन के संस्करण का टाइटल स्पॉन्सर होगा . यह भारत की प्रमुख एम्स-प्रमाणित राष्ट्रीय मैराथन है और एशिया की सबसे विश्वसनीय लंबी दूरी की दौड़ों में से एक है . यह आयोजन 22 फरवरी 2026 को निर्धारित किया गया है . इस अवसर पर राजेश वारियर, प्रेसिडेंट ग्लोबल ऑपरेशन्स और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कॉग्निज़ेंट इंडिया ने कहा- हम 2026 से नई दिल्ली मैराथन के टाइटल स्पॉन्सर बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं . कॉग्निज़ेंट ऐसे विविध और समावेशी खेलों का समर्थन करता है जो हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनसे जुड़ाव रखते हैं . मैराथन सीमाओं और संस्कृतियों से परे जाकर अदम्य मानव भावना का उत्सव मनाती है .

मेक माय ट्रिप ने बनाया नया कैलेंडर मोमेंट

इंदौर . भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रिपने 'ट्रैवल का मुहूर्त' नामक एक नया कैलेंडर मोमेंट लॉन्च करने की घोषणा की . यह पहल भारत में साल के अंत की यात्रा योजनाओं की शुरुआतको चिह्नित करती है . इस प्रॉपर्टी में यात्रा के सभी पहलू शामिल हैं - फ्लाइट्स, स्टे, हॉलिडे पैकेज, ग्राउंड ट्रांसपोर्ट, टूर्स और अट्रैक्शन्स, साथ हीवीज़ा, फॉरेक्स और ट्रैवल इंश्योरेंसजैसी ज़रूरी सेवाएँ भी . मेकमायट्रिप केको-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागोने कहा ट्रैवल का मुहूर्तयात्रा श्रेणी में अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जिससे यात्रियों और हमारे पार्टनर्स- दोनों को लाभ मिलेगा . अपने पार्टनर्स के सहयोग से, हम छुट्टियों की योजना बनाने की प्रक्रिया को यात्रा जितनी ही रोमांचक और प्रेरणादायक बनाना चाहते हैं .

धरावरा धाम पर अन्नकूट महोत्सव आज

इंदौर . धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर दीपोत्सव की श्रृंखला में आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन मंगलवार को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी के साथ होगा . आयोजन प्रमुख डॉ . सुरेश चौपड़ा एवं नानूराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव में इंदौर के आसपास के 20 गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे . संयोजक दिनेश गर्ग एवं कल्याण भांगडिया तथा अध्यक्ष संतोषसिंह के मार्गदर्शन में आश्रम से जुड़े गोविंद मंगल, सुधीर अग्रवाल, अशोक कुमावत एवं सीताराम नरेड़ी को विभिन्न समितियों का दायित्व सौंपा गया है . भक्त मंडल द्वारा अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं . न्यासी मंडल के ललित अग्रवाल, गोपाल गोयल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, ताराचंद खंडेलवाल, महेश मूंगड़, मुकेश ब्रजवासी, नीलेश उपाध्याय, रमेश मिश्रा, विष्णु काबरा एवं रेखा श्रीकांत शर्मा सहित भक्त मंडल की ओर से सभी गांवों में न्यौता दिया जा रहा है .

सौंदर्यीकरण कार्यों में आ रही दिक्कतों का समाधान करने के निर्देश

▶ महापौर ने किया निरंजपुर क्षेत्र व सुपर कॉरिडोर चौराहों का निरीक्षण

इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों सहित वार्ड क्रमांक 34 के निरंजपुर क्षेत्र, वी बटालियन चौराहा, सुपर कॉरिडोर और स्कीम 136 चौराहों का दौरा किया. उन्होंने इन क्षेत्रों में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों और प्रतिमा स्थापना में आ रही कठिनाइयों का जायजा लिया.



निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों और स्थानीय समाजजनों से चर्चा कर समस्याओं का समाधान निकालने के निर्देश दिए. इस मौके पर नगर निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे. महापौर ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण इंदौर की पहचान को और निखारेगा. उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए.

कुश्ती प्रतियोगिता में मयूर मड़वाल को स्वर्ण पदक

इंदौर. उज्जैन क्षीरसागर स्टेडियम में जारी 69वीं शालेय राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे दिन सरस्वती ज्ञान मंदिर शीतल नगर बाणगंगा के क्लास 6वीं के छात्र मयूर मड़वाल ने 14 से 17 वर्ष आयु के मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इस कुश्ती के फुर्तीले अंदाज, दमदार पकड़, उठापाकड़ ने पूरे स्टेडियम में रोमांच भर दिया. तालियों की गड़गड़ाहट, सीटियों की आवाज से पूरा स्टेडियम रोमांच से भर गया. स्कूल संचालक एस के बादल ने बताया पहले स्कूल विद्यालय किराए की बिल्डिंग में था, अब विद्यालय भव्य प्रकाश, हवा युक्त खेल परिसर के साथ लगभग तैयार हो चुका है. उसी में

हर छात्र पर हमारी नजर रहती है. छात्र किस दिशा की ओर जाना चाहता है उसी प्रकार विद्यालय उस छात्रा के साथ हर स्थिति में उसका साथ देते हैं. अब छोटे बच्चों को भी खेल के प्रति प्रोत्साहन किया जाएगा.

कवयित्री श्रद्धा शौर्य का किया अभिनंदन

इन्दौर. कविता के मंच पर आपकी प्रस्तुति ही आपके भविष्य को तय करती है, यह बात कवि सम्मेलन के मंचों पर आने वाले हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है. वैसे भी कविता लोकरंजन का नहीं, लोक मंगल का विषय है.

यह बात इन्दौर पधारी कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने मातृभाषा डॉट कॉम द्वारा आयोजित 'संवाद' में कही. मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल', राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितेश गुप्ता ने श्रद्धा शौर्य का अभिनंदन किया.

श्रद्धा शौर्य मूलत: नागपुर की रहने वाली हैं व देशभर में ओजस्वी धारा की महत्त्वपूर्ण युवा कवयित्री हैं. सुश्री श्रद्धा ने कवि सम्मेलन पढ़ने वाले युवा साथियों से चर्चा की. इस दौरान कवि आकाश यादव, रिया मोरे, निशा रघुवंशी आदि मौजूद रहे.

नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

▶ चित्रांश कायस्थ समाज का दीपावली मिलन व शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित

इंदौर. श्री चित्रांश कायस्थ समाज इंदौर द्वारा दीपावली मिलन व शपथ विधि का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

संस्था के अध्यक्ष प्रदीप भटनागर सचिव विवेक भटनागर ने बताया कि इस अवसर पर अतिथि डॉ सलज भटनागर ऑडियोलॉजिस्ट, डॉ जितेंद्र वर्मा ऑर्थोपेडिक सर्जन, वीना सक्सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रत्नेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव थे. इस अवसर पर नई कार्यकारिणी को शपथ रत्नेश श्रीवास्तव द्वारा दिलवाई गई. अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. सभी अतिथियों को प्रदीप सक्सेना द्वारा चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया. दीपावली मिलन कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र श्रीवास्तव संजय निर्गुण संगीता श्रीवास्तव विजय सक्सेना थे.संचालक संजय निर्गुण ने एवं आभार विवेक भटनागर ने माना।

एक नजर में

वरदा कला संस्थान द्वारा नृत्य नाटिका का आयोजन

महाकाल की महिमा बताई निर्मल मालवा यशोगान में

इंदौर. वरदा कला संस्थान की प्रमुख श्रुति राजीव शर्मा के निर्देशन में उज्जैन में निर्मल मालवा यशोगान की प्रस्तुति हुई. इस नृत्य नाटिका में भरत नाट्यम् नृत्यांगना जूही वालेस्कर प्रिया मिश्रा, भूमि, रोशनी चाँदवानी, उर्वशी नित्या राय, उर्वशी सेठी और पुनीति ने मालव भूमि की महता, चिंतामण गणेश की महिमा व देवी अहिल्या के व्यक्तित्व् को दर्शाया. साथ ही पराशक्ति हरसिद्धि के ऐशवर्य को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया. विश्व कला कार दिवस व सूबेदार और सब इंस्पेक्टर के रियूनियन कार्यक्रम में भरतनाट्यम् नृत्य की साधिकाओं ने पावन शिप्रा को आधार बनाकर में उन्हीं की

जुबानी में अपनी प्रस्तुति दी. श्रुति राजीव शर्मा ने बताया कि उज्जैन के अधिकांश मंदिरों की गाथा को नृत्य नाटिका में दिखाने का भरपूर कोशिश की जिसे सभी ने सराहा.

गोपाष्टमी पर आज से गांवों में निकाले जाएंगे गोमाता के जुलूस

▶ 28 से 30 अक्टूबर तक विहिप और बजरंग दल मनाएंगे उत्सव

इंदौर. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल इंदौर, गोरक्षा विभाग महानगर द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 43 प्रखंडों में गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में 28 से 30 अक्टूबर तक विभिन्न उत्सव मनाए जाएंगे. इसके तहत प्रमुख गांवों में गोरक्षा एवं गोसेवा में जुड़े विद्वानों द्वारा गोसंरक्षण के बारे में उद्बोधन व्याख्यान एवं सामाजिक सम्मेलन भी आयोजित होंगे.

इंदौर गोरक्षा विभाग प्रमुख योगेश होलानी, यज्ञेश राठी एवं प्रवीण दरेकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गंगाजल खेड़ी, सिकंदरी, कोदरिया, देवधरम टंकी आदि गांव में गोवंश की शोभायात्रा बजरंग दल एवं गोभक्तों के सहयोग से निकाली जाएगी. इस अवसर पर गायों को सजाकर घर-घर उनकी पूजा की जाएगी. दुर्गा वाहिनी की संयोजक स्वाति मालवीय ने भी सभी महिलाओं एवं युवतियों से गोमाता की सेवा के लिए अपने घर आंगन में पूजन एवं आरती करने का आग्रह किया है. इस अवसर पर गोमाता की सेवा और रक्षा कार्य में जुटे गोशाला संचालकों का सम्मान भी किया जाएगा. जिला मंत्री सागर सोनी, संतोष वर्मा, अनिल पाटिल, उत्तम वाडिया, भूपेश सोनी एवं विमल दुबे ने सभी सनातन धर्मप्रेमियों एवं गोसेवकों से आग्रह किया है कि वे सनातन धर्म की समृद्धि के लिए इस अभियान में आवश्यक रूप से शामिल हों.